रजिस्ट्री सं० डी० एल०-33004/99

REGD. NO. D. L.-33004/99

भारत का राजपत्र
The Gazette of India

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 488] नई दिल्ली, शुक्रवार, अप्रैल 11, 2008/चैत्र 22, 1930
No. 488] NEW DELHI, FRIDAY, APRIL 11, 2008/CHAITRA 22, 1930

गृह मंत्रालय

अधिसूचना

नई दिल्ली, 10 अप्रैल, 2008

का.आ. 856(अ).—दिल्ली उच्च न्यायालय के न्यायाधीश माननीय न्यायमूर्ति श्री मदन बी. लोकुर की अध्यक्षता में गठित अधिकरण, जिसको विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 की धारा 4(1) के अंतर्गत यह न्याय-निर्णय करने संबंधी मामला भेजा गया था कि संगमों नामश: नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (एन एल एफ टी) तथा ऑल त्रिपुरा टाइगर फोर्स (एटीटीएफ) को विधिविरुद्ध घोषित किए जाने के पर्याप्त कारण हैं या नहीं, के दिनांक 31-3-2008 के आदेश को विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 की धारा 4(4) के अंतर्गत आम जानकारी के लिए प्रकाशित किया जाता है।

[फा. सं. 11011/41/2007-एन ई-III]

नवीन वर्मा, संयुक्त सचिव

विधिविरुद्ध क्रिया कलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 के अंतर्गत गठित अधिकरण के समक्ष

नेशनल लिब्रेशन फ्रन्ट ऑफ त्रिपुरा के मामले में :

और ऑल त्रिपुरा टाइगर फोर्स के मामले में :

और विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 की धारा 4(1) के अंतर्गत संदर्भित मामले में

रिपोर्ट

1. श्री वी.एन. गौड़, संयुक्त सचिव, भारत सरकार द्वारा 3 अक्तूबर, 2007 को इस आशय की एक अधिसूचना सं. का.आ. 1692(अ) जारी की गई थी कि केन्द्र सरकार का यह मत है कि नेशनल लिब्रेशन फ्रन्ट ऑफ त्रिपुरा तथा इसके विभिन्न विंगों (जिन्हें इसमें इसके बाद एन एल एफ टी कहा गया है।) तथा ऑल त्रिपुरा टाइगर फोर्स (जिसे इसमें इसके बाद ए टी टी एफ कहा गया है) की गतिविधियां भारत की संप्रभुता तथा अखण्डता के लिए हानिकारक हैं और यह कि ये विधिविरुद्ध संगठन हैं। इसके परिणामस्वरूप, विधिविरुद्ध क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम, 1967 (जिसे इसमें इसके बाद अधिनियम कहा गया है) की धारा 3(1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए केन्द्र सरकार ने एन एल एफ टी तथा ए टी टी एफ को विधिविरुद्ध संगम घोषित किया था।

2. केन्द्र सरकार का यह भी मत था कि इन दोनों संगमों की गतिविधियों पर तत्काल अंकुश लगाने तथा इन्हें नियंत्रित करने की आवश्यकता है और अत: इसका यह मत था कि उक्त अधिनियम की धारा 3(3) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए इनको तत्काल प्रभाव से विधिविरुद्ध संगम घोषित करना आवश्यक है।

3. उक्त अधिनियम की धारा 3(1) के प्रयोजनों के लिए केन्द्र सरकार का यह मत था कि एन एल एफ टी और ए टी टी एफ :

(i) अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए विद्रोही तथा हिंसक गतिविधियों में लिप्त हैं और इस प्रकार इन्होंने सरकार के प्राधिकार को क्षति पहुंचाई है और लोगों में डर एवं आतंक फैलाया है;

(ii) ने यूनाईटेड लिब्रेशन फ्रंट आफ असम (उल्फा) और मणिपुर के मैतई उग्रवादी गुटों जैसे अन्य विधिविरुद्ध संगठनों का समर्थन प्राप्त करने के उद्देश्य से उनसे संबंध स्थापित किए हैं;

(iii) हाल के पिछले कुछ समय से अपने उद्देश्य एवं लक्ष्य की प्राप्ति के लिए कई हिंसक तथा विधिविरुद्ध गतिविधियों में लिप्त रहे हैं जो कि भारत की संप्रभुता तथा अखंडता के लिए हानिकर हैं;

4. हिंसक और विधिविरुद्ध गतिविधियों के संबंध में केन्द्र सरकार ने निम्नलिखित को शामिल किया :

(क) नागरिकों तथा पुलिस एवं सुरक्षा बलों के कार्मिकों की हत्या;

(ख) त्रिपुरा में व्यवसायियों एवं व्यापारियों सहित जनता से जबरन धन ऐंठना;

(ग) सुरक्षित आश्रय, प्रशिक्षण, शस्त्र एवं गोलाबारूद आदि की प्राप्ति के प्रयोजन के लिए पड़ोसी देश में शिविर स्थापित करना तथा उन्हें बनाए रखना;

(घ) त्रिपुरा में जनजातीय एवं गैर जनजातीय समुदायों के बीच सांप्रदायिक संघर्ष उत्पन्न करना एवं उसमें वृद्धि करना।

5. उक्त अधिनियम की धारा 3(3) के अंतर्गत शक्ति के प्रयोग से प्रयोजन के लिए यह कहा गया कि यदि एन एल एफ टी और ए टी टी एफ पर तत्काल अंकुश और नियंत्रण नहीं लगाया गया तो निम्नलिखित कार्यों के करने का अवसर मिल जाएगा:

(i) अलगाववादी, विद्रोही, आतंकवादी एवं हिंसक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए अपने काडरों को संगठित करना;

(ii) भारत की संप्रभुता एवं राष्ट्रीय अखंडता के प्रति वैमनस्य भाव रखने वाली शक्तियों के साथ मिलकर राष्ट्र विरोधी गतिविधियों का प्रचार करना;

(iii) अधिकाधिक नागरिकों की हत्याएं करने में संलिप्त रहना तथा पुलिस एवं सुरक्षा बलों के कार्मिकों को निशाना बनाना;

(iv) अंतर्राष्ट्रीय सीमा पार से और अधिक गैर कानूनी हथियार एवं गोलाबारूद प्राप्त करना और लाना;

(v) अपनी गैर कानूनी गतिविधियों के लिए जनता से बड़ी राशि इकट्ठी करना तथा जबरन धन ऐंठना ।

6. उपर्युक्त परिस्थितियों में तथा इस अधिनियम की धारा 5(1) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए श्री नवीन वर्मा, संयुक्त सचिव, गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी की गई दिनांक 30 अक्तूबर, 2007 की अधिसूचना सं. का.आ. 1851(अ) के द्वारा इस अधिकरण का गठन किया गया। इस अधिनियम की धारा 4(1) के अधिकार से इस अधिकरण को यह न्याय निर्णय करना है कि क्या इस अधिनियम की धारा 2(त) के अंतर्गत परिभाषित अभिव्यक्ति के अर्थ के भीतर एन एल एफ टी और ए टी टी एफ को विधिविरुद्ध संगम घोषित करने का पर्याप्त कारण है अथवा नहीं।

7. अपने मामले के समर्थन में केन्द्र सरकार ने अधिकरण को एक पत्र लिखा तथा एन एल एफ टी और ए टी टी एफ के लक्ष्यों, उद्देश्यों और हिंसक गतिविधियों के संबंध में एक सार प्रस्तुत किया।

8. एन एल एफ टी और ए टी टी एफ को 6 नवम्बर, 2007 को कारण बताओ नोटिस भेजा गया कि दिनांक 3 अक्तूबर, 2007 की अधिसूचना की पुष्टि क्यों नहीं की जाए। यह निदेश दिया गया कि इन दोनों संगमों को नोटिस की तामीली दिनांक 3 अक्तूबर, 2007 की राजपत्र अधिसूचना को अंग्रेजी तथा क्षेत्रीय भाषा के स्थानीय समाचार पत्रों में प्रकाशन, इलैक्ट्रोनिक और प्रिंट मीडिया में उद्घोषणाओं के द्वारा; राजपत्र अधिसूचना की एक प्रति इन दोनों संगमों तथा उनके प्रधान पदाधिकारियों के पिछले ज्ञात पतों पर राजपत्र अधिसूचना की प्रति सहित इस नोटिस को चिपकाकर; त्रिपुरा राज्य के सभी चारों जिला मुख्यालयों में उपायुक्त/जिला मजिस्ट्रेटों के कार्यालय में नोटिस बोर्ड पर राजपत्र अधिसूचना की प्रति सहित नोटिस को प्रदर्शित करके तथा त्रिपुरा राज्य के सभी चारों जिला मुख्यालयों तथा ऐसे अन्य क्षेत्रों में, जहां ऐसा माना जाता है कि इन दोनों संगमों की गतिविधियां सामान्य रूप से चलाई जाती हैं, इस नोटिस तथा राजपत्र अधिसूचना को विषय वस्तु के बारे में ढोल पीटकर तथा लाउड स्पीकरों के द्वारा उद्घोषणा करके की जाए।

9. दिनांक 6 नवम्बर, 2007 के आदेश के अनुसरण में त्रिपुरा राज्य ने दिनांक 13 दिसम्बर, 2007 को इस आशय का एक अनुपूरक शपथपत्र दायर किया कि राजपत्र अधिसूचना का पर्याप्त प्रचार करके इन संगमों को नोटिस की तामीली कर दी गई है। केन्द्र सरकार ने 13 दिसम्बर, 2007 को इस आशय का एक शपथ पत्र भी दायर किया कि इन दोनों संगमों को निर्धारित तरीकों से तामीली कर दी गई है।

10. तामीली के बावजूद इन दोनों संगमों की ओर से कोई उपस्थित नहीं हुआ। तद्नुसार, दिनांक 19 दिसम्बर, 2007 के एक आदेश के द्वारा एन एल एफ टी तथा ए टी टी एफ दोनों के बारे में एक पक्षीय रूप से कार्यवाई की गई।

11. एन एल एफ टी तथा ए टी टी एफ को विधिविरुद्ध संगम घोषित करने संबंधी अपने मामले के समर्थन में त्रिपुरा राज्य ने दिनांक 13 दिसम्बर, 2007 को एक शपथ पत्र दायर किया तथा केन्द्र सरकार ने दिनांक 2 जनवरी, 2008 को एक शपथ पत्र दायर किया। दिनांक 9 जनवरी, 2008 को त्रिपुरा राज्य और केन्द्र सरकार ने साक्ष्य में अपने-अपने शपथ पत्र प्रस्तुत किए। त्रिपुरा राज्य द्वारा अतिरिक्त साक्ष्य भी प्रस्तुत किया गया। केन्द्र सरकार द्वारा श्री आर. आर. झा, निदेशक, गृह मंत्रालय का दिनांक 24 मार्च, 2008 का एक अतिरिक्त शपथ पत्र भी प्रस्तुत किया गया।

12. दिनांक 2 फरवरी, 2008 को त्रिपुरा राज्य ने भरोसे योग्य मांगे गए इन दस्तावेजों की प्रमाणित तथा कार्बन प्रतियां भी प्रस्तुत

कीं और इन्हें मार्क क से ठ तथा प्रदर्श-1 से प्रदर्श एन-33 तक के रूप में चिह्नित किया गया है।

13. केन्द्र सरकार की ओर से प्रस्तुत किए गए श्री आर. आर. झा, निदेशक, गृह मंत्रालय के दिनांक 2 जनवरी, 2008 के एक शपथ पत्र में यह उल्लेख किया गया है कि एन एल एफ टी का गठन जून, 1989 में किया गया था तथा इस समय इसका नेतृत्व विश्व मोहन देबबर्मा द्वारा किया जा रहा है जबकि ए टी टी एफ का गठन 1993 में किया गया था तथा इसका नेतृत्व रंजीत देबबर्मा के हाथ में है। इन दोनों संगठनों का घोषित उद्देश्य अन्य अलगाववादी संगठनों के साथ मिलकर त्रिपुरा को भारत संघ से अलग करके एक पृथक देश का निर्माण करना है।

14. यह उल्लेख किया जाता है कि ए टी टी एफ तथा इसका राजनैतिक विंग, अर्थात् त्रिपुरा प्यूपल डेमोक्रेटिव फ्रन्ट (टीपीडीएफ) त्रिपुरा के भारत में विलय के विरोध में 15 अक्तूबर को काले दिवस के रूप में मनाता रहा है तथा यह प्रति वर्ष गणतंत्र दिवस/स्वतन्त्रता दिवस समारोहों का भी बहिष्कार करता रहा है। कुछ अन्य संगठनों के साथ यह त्रिपुरा के भारत में विलय को अवैध बताकर इसकी निंदा करता रहा है।

15. यह उल्लेख किया जाता है कि एन एल एफ टी के नेता बंगलादेश में शिविरों में रहते हैं तथा अपनी गतिविधियां चलाने के लिए अकसर त्रिपुरा जाते रहते हैं। इस संगम का मुख्यालय बंगलादेश में है तथा उस देश में इसके छिपने के अड्डे तथा आश्रय हैं। एन एल एफ टी द्वारा त्रिपुरा में अधिकांश हिंसक घटनाओं की योजना बंगलादेश में तैयार की गई है तथा उन्हें कार्यरूप दिया गया है तथा अपहरण किए गए व्यक्तियों को भी इस देश में ले जाया जाता है।

16. इसी प्रकार, ए टी टी एफ के भी बंगलादेश में प्रशिक्षण शिविर, छिपाने के अड्डे तथा आश्रय स्थल हैं और यह, विशेष रूप से शस्त्रों के प्रापण तथा प्रशिक्षण सुविधाओं के प्रयोजन के लिए पूर्वोत्तर के अन्य आतंकवादी संगठनों के साथ गहन संबंध बनाए रखता है। ए टी टी एफ, त्रिपुरा में हिंसा फैलाने तथा शस्त्रों का प्रापण करने के लिए बंगलादेश के भू-भाग का भी प्रयोग करता रहा है ।

17. शपथ पत्र में यह उल्लेख किया जाता है कि इस राज्य के 34 पुलिस थानों के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों को त्रिपुरा राज्य द्वारा, सशस्त्र बल (विशेष शक्तियां) अधिनियम, 1958 के अंतर्गत अशान्त क्षेत्रों के रूप में घोषित किया गया है। किन्तु इसके बावजूद, इन दोनों संगठनों द्वारा हिंसा तथा जबरन धन वसूली की गतिविधियां जारी हैं।

18. यह उल्लेख किया जाता है कि यद्यपि पिछले कुछ वर्षों में इन दोनों संगठनों द्वारा की गई हिंसक घटनाओं में काफी कमी आई है, किन्तु यह किसी वैचारिक परिवर्तन के कारण नहीं है बल्कि यह दूर-दराज के क्षेत्रों में सुरक्षा बलों की तीव्र कार्रवाई तथा विद्रोह विरोधी कार्रवाई सहित गिरते मनोबल तथा नेताओं के प्रति मोह भंग, पालायन, जन जातियों में सतत रूप से कम होते समर्थन आदि जैसे घटकों के कारण है। यह उल्लेख किया जाता है कि एन एल एफ टी सामान्य रूप से गैर-जन जातीय लोगों तथा पुलिस/सुरक्षा बल कार्मिकों को निशाना बनाता है। जबरन धन वसूली की इसकी आदतों के विरोधी आदिवासियों को भी नहीं बख्शा जाता है।

19. यह उल्लेख किया जाता है कि गैर-जन जातीय लोगों पर हमलों से जन जातीय लोगों तथा बंगाली लोगों के बीच नृजातीय तनाव अक्सर पैदा हुआ है कि जिसके शिकार निर्दोष लोग हुए हैं जिससे राज्य में आदिवासी तथा गैर-आदिवासी लोगों के बीच बड़ी खाई आ गई है जिसके कारण तनावपूर्ण नृजातीय स्थिति पैदा हो गई है। यह उल्लेख किया जाता है कि हाल ही में मुख्य रूप से सुरक्षा बल तथा आदिवासी लोग एन एल एफ टी की हिंसा के शिकार हुए हैं तथा जबरन धन-वसूली, लूटपाट, अपहरण, व्यपहरण आदि की घटनाएं बहुत बढ़ गई हैं।

20. जहां तक ए टी टी एफ का संबंध है, यह उल्लेख किया जाता है कि पश्चिम त्रिपुरा में इसकी स्थिति बहुत मजबूत है तथा इनके पास एके-47/एके-56 सीरीज रायफल्स, स्टेनगन तथा कार्बाइन आदि सहित 300 शस्त्र होने का अनुमान है। ए टी टी एफ, विचारधारा के नाम पर व्यवसायों तथा सरकारी कर्मचारियों से जबरन धन वसूली में संलिप्त रहे हैं तथा फिरौती के लिए अपहरण का भी सहारा ले रहा है।

21. शपथपत्र में, वर्ष 2006 तथा 2007 में एन एल एफ टी तथा ए टी टी एफ द्वारा की गई कुछ घटनाओं का अनुलग्नक के रूप में उल्लेख किया गया है ।

22. एन एल एफ टी से संबंधित अनुलग्नक में, केन्द्र सरकार ने दिनांक 14 फरवरी, 2006, 29 अप्रैल, 2006, 7 अगस्त, 2006 तथा 24 अक्तूबर, 2006 की चार प्राथमिकियों का उल्लेख किया है। त्रिपुरा राज्य द्वारा दाखिल किए गए दस्तावेजों में भी इनका उल्लेख किया गया है और उचित स्तर पर इनका निपटान किया जाएगा ।

23. पांच अन्य घटनाओं का उल्लेख किया गया है :

(i) दिनांक 26 अक्तूबर, 2006 (पुलिस स्टेशन मानु) की प्राथमिकी में यह उल्लेख किया गया है कि एन एल एफ टी ने एक टी एस आर पार्टी पर घात लगा कर हमला किया जिससे 2 टी एस आर कर्मियों की मौत हो गई। एन एल एफ टी के काडर एक मैगजीन सहित एके-47 राइफल भी छीन कर भाग गए।

(ii) दिनांक 30 अक्तूबर, 2006 (पुलिस स्टेशन नेपालटिल्ला) की प्राथमिकी में उल्लेख किया गया है कि एन एल एफ टी काडरों ने एक टी एस आर पार्टी पर घात लगाकर हमला किया जिसमें एक टी एस आर कार्मिक की मौत हो गई तथा एक अन्य घायल हो गया। ये काडर तीन

मैगजीनों तथा 90 राउन्ड गोला बारूद सहित एक एके-47 राइफल भी छीन कर ले गए।

(iii) दिनांक 2 मार्च, 2007 (पुलिस स्टेशन लोंगथराई वैली) की प्राथमिकी में यह जिक्र किया गया है कि एन एल एफ टी के उग्रवादियों ने दो आदिवासी श्रमिकों की पुलिस के मुखबिर होने के शक में उनके घर में घुसकर हत्या कर दी।

(iv) 15 अगस्त, 2007 (पुलिस स्टेशन गंगानगर) की प्राथमिकी में यह उल्लेख किया गया है कि एन एल एफ टी के उग्रवादियों ने के.रि.पु.ब. की एक पार्टी पर घात लगाकर हमला कर दिया जिसमें एक के.रि.पु.ब. कार्मिक मारा गया।

(v) दिनांक 27 अगस्त, 2007 (पुलिस स्टेशन मुंगियाकौरी) की प्राथमिकी में एन एल एफ टी उग्रवादियों के साथ मुठभेड़ के दौरान एक टी एस आर कार्मिक की मौत हो गई।

24. केन्द्र सरकार द्वारा दिनांक 18 मार्च, 2008 के एक प्रार्थना-पत्र के साथ प्राथमिकियों की प्रमाणित प्रतियां दाखिल की गई हैं।

25. जहां तक ए टी टी एफ की गतिविधियों का संबंध है, इसमें चार प्राथमिकियों का उल्लेख है जो निम्नलिखित हैं :–

(क) दिनांक 20 अक्तूबर, 2006 की पहली प्राथमिकी (पी एस तिलियामूरा) में दो टी एस आर कार्मिक मारे गए तथा एक घायल हो गया। उग्रवादी 180 राउन्ड गोलाबारूद सहित दो एके-47 राइफलें भी ले गए।

(ख) दिनांक 6 मार्च, 2007 की दूसरी प्राथमिकी (पुलिस स्टेशन चम्पाहूर) में ए टी टी एफ के उग्रवादियों द्वारा घात लगाकर किए गए हमले में 2 टी एस आर कार्मिक मारे गए जबकि दो अन्य घायल हो गए। उग्रवादियों ने टी एस आर कार्मिकों की 2 एके-47 राइफलें भी लूट लीं।

(ग) दिनांक 11 मई, 2007 की तीसरी प्राथमिकी (पुलिस स्टेशन सिंघाई) में एटीटी एफ के उग्रवादियों के साथ हुई मुठभेड़ में असम राइफल्स के एक राइफल मैन की मौत हो गई।

(घ) दिनांक 5 अगस्त, 2007 की चौथी प्राथमिकी (पुलिस स्टेशन खोवई) में एटीटी एफ के उग्रवादियों ने एक ही परिवार के तीन आदिवासियों की हत्या कर दी।

26. इन प्राथमिकियों की प्रमाणित प्रतियां दिनांक 18 मार्च, 2008 के आवेदन-पत्र के साथ दाखिल कर दी गई हैं।

27. केन्द्र सरकार ने सीलबन्द कवर में कुछ दस्तावेज भी दाखिल किए हैं जो आर एवं ए डब्ल्यू, आसूचना ब्यूरो, महानिदेशक, के.रि.पु.ब. महानिदेशक, सी.सु.ब. रक्षा मंत्रालय तथा त्रिपुरा सरकार से प्राप्त रिपोर्टें हैं। इन दस्तावेजों का अवलोकन करने पर केन्द्र सरकार के मामले का समर्थन करते हैं। इन दस्तावेजों के ब्यौरों पर स्पष्ट कारणों से विचार-विमर्श नहीं किया जाता है। यह कहना पर्याप्त है कि वे दस्तावेज निम्नलिखित का सुझाव देते हैं :–

(क) दोनों संघों की हिंसक गतिविधियों में कोई कमी नहीं आई है और यह कि इनके कारण केन्द्र सरकार तथा राज्य सरकार दोनों के सुरक्षा बल अत्याधिक सतर्क रहने हैं।

(ख) दोनों संघों की अलगाववादी गतिविधियां जारी हैं तथा त्रिपुरा को शेष भारत से अलग करने एवं एक पृथक 'देश' बनाने की उनकी मांग में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है। हालांकि एन एल एफ टी प्रारंभ से ही एक अलग देश की मांग करता रहा है, ए टी टी एफ की अलगाववादी गतिविधियां, इसकी राजनीतिक विंग टीडीपी एफ के साथ जिसकी स्थापना 1997 को की गई थी, अधिक स्पष्ट हो गई है जो ''भारतीय अधिपय बलों'' के खिलाफ सशस्त्र आंदोलन के जरिए राष्ट्रीय स्वतंत्रता तथा ''उपनिवेशी दासता'' से स्वतंत्रता की बात करती है।

(ग) एन एल एफ टी जनजातीय संगठन का समर्थन करता रहा है तथा यह राज्य में गैर-जनजातीय संगठनों के साथ सभी प्रकार के संबंधों का बहिष्कार करता है। एन एल एफ टी के काडर गैर-जनजातीय लोगों को निशाना बनाते हैं जो हाल ही में उनकी हिंसा के मुख्य लक्ष्य बन गए हैं।

(घ) ए टी टी एफ की प्रमुख मांगों में ये शामिल हैं :–

(i) 1956 के बाद त्रिपुरा में प्रवेश करने वाले सभी अवैध प्रवासियों की पहचान की जाए तथा उनको राज्य से बाहर निकाला जाए।

(ii) जनजातीय लोगों की अवैध रूप से हस्तांतरित सारी भूमि को पुनः जनजातीय लोगों को वापस लौटाया जाए तथा एक पृथक जनजातीय आरक्षित क्षेत्र का गठन किया जाए।

(ङ) एन एल एफ टी के पास उपलब्ध हथियारों में ए-के श्रृंखला की राइफलों, रॉकेट लाचारों तथा सुरगों/आई ई डी सहित 100 से भी अधिक स्वचलित हथियार शामिल हैं जबकि ए टी टी एफ के पास ए-के श्रृंखला की राइफलों, हथगोलों-रॉकेट लांचरों तथा

सुरंगों/आई ई डी सहित 200 से अधिक हथियार हैं । एन एल एफ टी और ए टी टी एफ दोनों ही हिंसक गतिविधियों में संलिप्त हैं जिसके परिणामस्वरूप के.रि.पु.ब. कार्मिकों, नागरिकों की हत्याएं हो रही हैं, राज्य के प्रमुख को क्षीण किया जा रहा है तथा अपने उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए आम लोगों में आतंक, हिंसा तथा डर फैलाया जा रहा है। दोनों संघों के पास बड़ी संख्या में निषिद्ध शस्त्र तथा गोला-बारूद है और उन्होंने बचकर निकलने, प्रशिक्षण तथा शस्त्रों/गोलाबारूद के प्रापण के प्रयोजनार्थ पड़ोसी देश में शिविर स्थापित किए हैं तथा उनका रख-रखाव किया है।

(च) दोनों संघों ने त्रिपुरा को भारत से अलग करना ही अपना उद्देश्य घोषित किया है तथा इस उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए वे सशस्त्र उपायों का प्रयोग कर रहे हैं। दोनों संघ निधियों के संग्रहण हेतु सिविलियन जनता को भयभीत करने, जबरन धन वसूलने तथा लूटने में लगे हुए हैं और लोक मत को प्रभावित करने के लिए अन्य विरोधी संगठनों के साथ संबंध स्थापित करने के प्रयास करते रहे हैं।

28. दिनांक 24 मार्च, 2008 के अतिरिक्त शपथ पत्र में केन्द्र सरकार ने दिनांक 3 अप्रैल, 1997, 3 अक्तूबर, 2001, 3 अक्तूबर, 2003 तथा 3 अक्तूबर, 2005 की पूर्व अधिसूचनाओं को रिकार्ड में प्रस्तुत किया है जिनमें एन एल एफ टी तथा एटीटी एफ को गैर-कानूनी संगमों के रूप में घोषित किया गया है।

29. इन सभी अधिसूचनाओं को अधिनियम के अंतर्गत गठित एक अधिकरण में भेजा गया था और पिछली तीन अधिसूचनाओं की पुष्टि करते हुए अधिकरण द्वारा आदेश पारित किए गए थे। यह इस पृष्ठ भूमि में है कि दिनांक 3 अक्तूबर, 2007 की वर्तमान अधिसूचना जारी कर दी गई है।

30. केन्द्र सरकार ने यह बताया है कि इसने आर एवं ए डब्ल्यू, आसूचना ब्यूरो, केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस बल, सीमा सुरक्षा बल, भारत सरकार का रक्षा मंत्रालय और त्रिपुरा राज्य सरकार से भी प्राप्त रिपोर्टों के आधार पर अपनी राय बनाई है।

31. शपथ-पत्र के साथ, केन्द्र सरकार ने त्रिपुरा सरकार के गृह विभाग द्वारा जारी दिनांक 1 अगस्त, 2007 के पत्र को अनुलग्नक 'ज' के रूप में दाखिल किया है जिसमें यह कहा गया है कि एन एल एफ टी और ए टी टी एफ दोनों को गैर-कानूनी संगम घोषित किया जाए और निम्नलिखित आधार पर अगले दो वर्षों की अवधि के लिए इन पर प्रतिबन्ध लगाया जाए :-

"(i) कि दोनों गुट त्रिपुरा की तथाकथित स्वतंत्रता के लिए सशस्त्र संघर्ष करने में अपनी गतिविधियों को अन्जाम दे रहे हैं।

(ii) वे 15 अक्तूबर, 1949 को हुए भारतीय संघ के साथ त्रिपुरा के विलय संबंधी करार का विरोध करते हैं तथा उसको काला दिवस की संज्ञा देते हैं। वे किसी विवाद के निराकरण के लिए भारतीय संविधान को स्वीकार नहीं करते।

(iii) वे नागरिकों के प्रति हिंसा में लगातार संलिप्त रहे हैं।

(iv) परिष्कृत हथियारों के साथ उनका आंदोलन तथा फिरौती के लिए नागरिकों का अपहरण करने संबंधी वारदातें अभी तक जारी हैं। इससे दूरस्थ क्षेत्रों में विकास संबंधी प्रयास बुरी तरह प्रभावित हुए हैं।

(v) वे तथाकथित टैक्स लगाकर लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई त्रिपुरा सरकार की पूर्ण अवहेलना करते हुए एक समानान्तर सरकार चलाने का प्रयास कर रहे हैं।

(vi) बंगलादेश में इन उग्रवादियों के अपने शिविर हैं तथा आसूचनाइनपुट के अनुसार बंगलादेश में भारत-विरोधी तत्वों के साथ इनके तार जुड़े हुए हैं।

(vii) वे जबरन धन वसूली को बढ़ाने के लिए चुनावी प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने तथा पिछले अवसरों की तरह राजनीतिक सत्ता को हथियाने की योजना बना रहे हैं।

32. दिनांक 1 अगस्त, 2007 के पत्र के साथ बहुत से अनुलग्नकों सहित पुलिस महानिरीक्षक (अधिसूचना), पुलिस अधीक्षक (सी आई डी) की ओर से रिपोर्टें भी भेजी गई हैं ।

33. पुलिस अधीक्षक (सी आई डी) द्वारा भेजे गए दस्तावेजों में एन एल एफ टी और ए टी टी एफ दोनों के संविधान है जिनमें यह कहा गया है कि भारत संघ से त्रिपुरा को अलग करने का समर्थन करना उनका ध्येय है। इन संघों के पास विदेशों से मंगवाए भारी संख्या में परिष्कृत हथियारों तथा यंत्रों से सुसज्जित एक व्यवस्थित सेना की पद्धति पर, धर्म-तंत्रीय संगठन के साथ अलग सशस्त्र स्कंध हैं। (अनुलग्नक क और ख)

34. यह उल्लेख है कि पिछले गणतंत्र दिवस (2007) के दौरान जनता को राष्ट्रीय समारोहों में भाग लेने से रोकने के उद्देश्य से एटीटीएफ और एन एल एफ टी दोनों ने बहिष्कार का आह्वान किया और त्रिपुरा के अंदरूनी भागों में काले झण्डे दिखाए। इन दोनों संगठनों से सम्बद्ध अलगाववादियों ने बंगलादेश में अपने बेस कैंप बना लिए हैं जहां से ये त्रिपुरा के अन्दर अपने अभियानों को चला रहे हैं। यह उल्लेख किया जाता है कि एनएलएफटी के बंगलादेश के विभिन्न स्थानों पर 13 शिविर हैं जबकि एटीटीएफ के बंगलादेश में 12 शिविर हैं वे संगठन विदेशी एजेंसियों के साथ-साथ भूमिगत संगठनों की सहायता से हथियार एकत्र कर रहे हैं। और आम जनता से कर के रूप में जबरन धन वसूली कर रहे हैं। (अनुलग्नक ढ़ एवं ण)।

35. इन दो संगठनों को विधिविरुद्ध संगम घोषित किए जाने के पूर्ववर्ती आदेशों के बावजूद, इन्होंने 2006 के ग्राम परिषद् चुनाव जैसे चुनावों को बहिष्कार करने का आह्वान किया। वे 2005 में 115 उग्रवादी संबंधी मामलों, जिनमें 11 सुरक्षा कार्मिक सहित 41 व्यक्ति मारे गए और 8 सुरक्षा कार्मिक सहित 82 व्यक्ति घायल हुए, में शामिल थे। इसके अलावा 62 व्यक्तियों का अपहरण हुआ और एनएलएफटी और एटीटीएफ अलगाववादियों एवं सुरक्षा बलों

के बीच कुल 53 मुठभेड़ें/झड़पें हुई जिनमें 23 उग्रवादी मारे गए और 61 को गिरफ्तार कर लिया गया।

36. वर्ष 2006 में अग्रवाद से संबंधित कुल 102 मामलों की सूचना प्राप्त हुई जिनमें 14 सुरक्षा कार्मिकों सहित 27 व्यक्ति मारे गए और 27 सुरक्षा कार्मिकों सहित अन्य 39 घायल हुए। कुल मिलाकर 43 व्यक्तियों का अपहरण हुआ और दोनों संगठनों एवं सुरक्षा बलों के बीच मुठभेड़/झड़प की 57 घटनाएं हुई जिनमें 27 उग्रवादी मारे गए और 67 उग्रवादी गिरफ्तार किए गए।

37. वर्ष 2007 (30 जून, 2007 तक) में त्रिपुरा राज्य में उग्रवाद से संबंधित कुल 57 मामलों की सूचना प्राप्त हुई जिनमें 7 नागरिक और 5 सुरक्षा कार्मिक मारे गए और 2 सुरक्षा बल कार्मिकों सहित 4 व्यक्ति घायल हुए। इन दोनों संगठनों से सम्बद्ध उग्रवादियों ने फिरौती के लिए 28 आम नागरिकों का अपहरण कर लिया। वर्ष के दौरान 10 उग्रवादी मारे गए और 27 गिरफ्तार किए गए।

38. हिंसा के कुल विशेष पहलुओं का संक्षिप्त विवरण देते हुए पुलिस अधीक्षक ने निम्नानुसार उल्लेख किया :-

"(i) एनएलएफटी/एटीटीएफ द्वारा राज्य में विशेषकर आदिवासी बाहुल्य अंदरूनी क्षेत्रों में सभी विकास संबंधी कार्यों को अवरुद्ध करने और अपने अनुकूल परिस्थितियां बनाने के लिए हताशापूर्ण कार्रवाई की गई।

(ii) एनएलएफटी/एटीटीएफ के सदस्य अभी भी यहां तक कि महिलाओं और अन्य दुर्बल लक्ष्यों के प्रति अपनी कार्रवाई में काफी बेरहम रहते हैं।

(iii) राज्य की जीवन-रेखा राष्ट्रीय राजमार्ग-44 पर हमला, सड़क/सीमा पर बाड़ लगाए जाने, स्थलों पर मजदूरों की हत्या/अपहरण केवल राज्य में विकास को रोकने हेतु उनकी कोशिश को सिद्ध करता है।

पत्र में आगे यह बताया जाता है कि 31 मार्च, 2007 को टीपीडीएफ के अध्यक्ष रंजीत देबबर्मा के एक विशेष आनलाइन साक्षात्कार को त्रिपुरा न्यूज सी ओ. यू के नामक एक बेवसाइट पर उपलब्ध कराया गया जिसमें उसने त्रिपुरा की जनता की प्रभुसत्ता संबंधी स्वतंत्रता की पुनः बहाली हेतु एक सशस्त्र संघर्ष की आवश्यकता को उचित ठहराया। रंजीत देबबर्मा ने दावा किया कि उनका संघर्ष भारतीय औपनिवेशिक कब्जे से स्वयं को स्वतंत्र करने हेतु एक सच्चा राष्ट्रीय मुक्ति संघर्ष है। उसने यह दोहराया कि एटीटीएफ और एनएलएफटी दो अलग-अलग संगठन हैं परन्तु उनका प्रमुख लक्ष्य समान और एक ही है और वह है त्रिपुरा प्रभुसत्ता सम्पन्न स्वतन्त्रता की पुनः बहाली (अनुलग्नक ट)

40. पत्र के साथ-साथ काफी मात्रा में अनुलग्नक संलग्न किए गए हैं हालांकि पत्र में उनका उल्लेख नहीं है। इसमें विभिन्न व्यक्तियों से मांगे गए कर संबंधी नोटिस शामिल हैं। ये नोटिस, एनएलएफटी के नेतृत्व वाली त्रिपुरा राजशाही सरकार द्वारा जारी किए गए हैं (अनुलग्नक ग)। इसमें एटीटीएफ द्वारा निर्मित "सातोकज़ाक बोसांग" (दमित राष्ट्र) नामक एक फिल्म की सीडी भी है जो कि अंग्रेजी सहित स्थानीय भाषा दोनों में है (अनुलग्नक छ एवं ज)। एटीटीएफ द्वारा निर्मित याकमालामा (जीवित रहने का रास्ता) नामक एक अन्य फिल्म का सीडी भी है तथा इसका अंग्रेजी अनुवाद भी है। (अनुलग्नक झ और ञ)। "आत्मसमर्पण करने वाले एटीटीएफ और एनएलएफटी (बी एम.) के उग्रवादियों की हाल ही में हुई पूछताछ रिपोर्ट के आधार पर बंगलादेश के अन्दर विद्यमान शिविरों की सूची/अनुमानित संख्या/आग्नेयास्त्र/अभियानों/छिपने के ठिकानों के संबंध में एनपूट्स" नामक दस्तावेज भी अनुलग्नक ढ के रूप में संलग्न है। इससे दोनों संगठनों के सभी शिविरों के सामान्य स्थलों सहित उनके नेताओं और काडरों की सूची उपलब्ध होती है (अनुलग्नक ढ एवं ण)। एक सी डी जिसमें आत्म समर्पण करने वाले एटीटीएफ उग्रवादियों की पूछताछ रिपोर्ट है, को अनुलग्नक द के रूप में और अग्रवाद से संबंधित मामलों से जुड़े काफी संख्या में प्रथम सूचना रिपोर्टों को अनुलग्नक ध के रूप में दायर किया गया है।

41. इस शपथ पत्र को समग्र रूप से देखने से यह स्पष्ट रूप से परिलक्षित होता है कि दोनों संगठन उन विभिन्न गतिविधियों में संलिप्त हैं जो देश की अखण्डता को भंग करती है और निश्चित रूप से इस अधिनियम के उपबंधों का उल्लंघन करती है।

42. त्रिपुरा राज्य ने भी घोषणा के समर्थन में स्वतंत्र रूप से साक्ष्य प्रस्तुत किए हैं।

43. जहां तक एनएलएफटी और एटीटीएफ के उन विद्रोही, हिंसक और विधिविरुद्ध क्रियाकलापों का संबंध है जो केन्द्र सरकार के प्राधिकार को क्षति पहुंचाते हैं और अपने उद्देश्यों को हासिल करने के लिए लोगों के बीच हिंसा फैलाते हैं, एनएलएफटी और एटीटीएफ के लक्ष्यों और उद्देश्यों को आधार बनाया गया है।

44. एनएलएफटी के संविधान की प्रस्तावना तथा संविधान से यह प्रतीत होता है कि उसे एनएलएफटी के केन्द्रीय समिति द्वारा 15 नवम्बर, 1994 को अपनाया गया। इसे चिह्न "क" के रूप में इंगित किया गया है।

(क) संविधान की प्रस्तावना में त्रिपुरा में एनएलएफटी के विद्रोह अभियान का आधार निहित है। इसके साथ ही साथ यह उल्लेख किया गया है कि देशी लोग जिन्हें बोरोक नाम से जाना जाता है, विदेशी नागरिकों के लगातार आने से हाशिए पर चले गए हैं और भारत के धमकीपूर्ण दुराग्रह सम्राज्यवाद के कारण देशी लोगों का शोषण, सताया और दमन किया जा रहा है। इससे देशी लोगों की भाषा, रीति-रिवाजों और धर्मों को खतरा है और सांस्कृतिक जातीयसंहार किया जा रहा है। यह भी उल्लेख किया गया कि भारत सरकार ने सशस्त्र बल अधिनियम, 1958, आतंकवाद एवं विघटनकारी क्रियाकलाप (निवारण) अधिनियम और राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम जैसे कठोर कानून त्रिपुरा के देशी बोरोक लोगों पर

थोपे गए हैं जिससे विद्रोह को कुचला जा सके। यह आरोप लगाया गया कि यह औपनिवेशिक भारत द्वारा अपने मातृभूमि से देशी लोगों को हटाने के लिए अपनायी जाने वाली सामान्य प्रथा है। यह उल्लेख किया गया कि इन परिस्थितियों के मद्देनजर राष्ट्रवादी बोरोक युवा 12 मार्च, 1989 को गोंडा टवीसा में एकत्रित हुए और एनएलएफटी और इसके सशस्त्र विंग अर्थात् बोरोक आर्मी का गठन 11 दिसम्बर, 1991 को कर दिया।

(ख) प्रस्तावना के अनुसार एनएलएफटी के लक्ष्यों एवं उद्देश्यों में त्रिपुरा की सभ्यता की एक अलग और स्वतंत्र पहचान के लिए सशस्त्र संघर्ष के माध्यम से 'देश' के साम्राज्यवादी, पूंजीवादी और नव-औपनिवेशवाद को उखाड़ फेंकना, बोराकलैंड त्रिपुरा को स्वतंत्र करना और लोगों की गणतांत्रिक सरकार की स्थापना करना, बारोक राष्ट्र को सामाजिक, आर्थिक ओर राजनीतिक शोषण, दमन, कुचले जाने और नव-औपनिवेशवाद से मुक्त कराना और लोगों के पारंपरिक देशी संस्कृति और धारणाओं को बढ़ावा देना, राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय सेमीनारों में अपने पर्यवेक्षक अथवा प्रतिभागियों का भेजना आदि शामिल हैं । इसके ही आधार पर बोरोक लोगों के संविधान को तैयार किया गया है और दिनांक 15 नवम्बर, 1994 को केन्द्रीय कार्यकारी बैठक में अनुमोदन किया गया है ।

45. एनएलएफटी के संविधान में यह उल्लेख है कि बोरोक सभ्यता की एक अलग और स्वतंत्र पहचान बनाने के लिए बोराकलैंड त्विपुरा को मुक्त कराने और विचार अभिव्यक्ति, धारणा मत और धर्म की स्वतंत्रता को बढ़ावा देने हेतु एक क्रांतिकारी संगठन गठित किए जाने के लिए कृत संकल्प हैं । तत्पश्चात् त्रिपुरा के बोरोक लोगों के संप्रतीक और राजभाषा का वर्णन किया गया है। संविधान का अध्याय II एनएलएफटी की सदस्यता से संबंधित है वहीं अध्याय III का संबंध एनएलएफटी के सदस्यों के अधिकारों, ड्यूटी और दायित्वों से है । संविधान का अध्याय IV, पार्टी के संगठनात्मक ढांचे, जिसमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, महासचिव, विदेश सचिव, वित्त सचिव, गृह सचिव, न्यायिक सचिव जैसे पद शामिल हैं, से संबंधित हैं विभिन्न प्राधिकारियों के क्रियाकलापों का उल्लेख संविधान के अध्याय 5 में किया गया है एनएलएफटी के कार्य-क्षेत्र का उल्लेख संविधान के अनुच्छेद 32 (अध्याय VI) में किया गया है जिसमें त्रिपुरा, असम, मेघालय, नागालैंड, मणिपुर, मिजोरम, नेफा (अरूणाचल) और सिक्किम का एकीकृत राज्य शामिल है।

46. इसी प्रकार से एटीटीएफ के संविधान को रिकार्ड में रखवा गया है और इसे चिह्न 'ख' के रूप में इंगित किया गया है । एटीटीएफ की मंशा और उद्देश्य भारत के संविधान के तहत जनजातियों के लिए 19 बिन्दुओं वाले लाभ रखे जाने के संबंध में बिना किसी समझौते के एक सशस्त्र संघर्ष के माध्यम से अपनी सारी शक्तियों को एकजुट करना है । एटीटीएफ यह कहता कि वह भारतीय संसद में स्वीकार किए गए सभी निर्णयों को पूरा करने और इसे लागू करवाने हेतु संघर्ष करेगा । पूर्वोत्तर के सात राज्य अर्थात् त्रिपुरा, असम, मणिपुर, मिजोरम, नागालैंड, अरूणाचल प्रदेश और मेघालय को मिलाकर एक अलग देश बनेगा और इसके लिए एटीटीएफ सभी तरह के आंदोलनों को सहायता देगा और इस उद्देश्य हेतु अपने बल का भी इस्तेमाल करेगा। एटीटीएफ, जनजातियों को कुचले जाने, प्रताड़ित और दमन किए जाने के विरूद्ध और उनकी स्वतंत्रता के लिए लड़ेगा। एटीटीएफ के संविधान का अनुच्छेद 5 कानून और व्यवस्था से संबंधित है। वहीं अनुच्छेद 6 का संबंध अनुशासन और प्रतिबंधों से है। अनुच्छेद 8 का संबंध जन संपर्क से है वहीं अनुच्छेद 11, अंशदान और सदस्यता शुल्क संग्रहण प्रक्रिया से संबंधित है । अनुच्छेद 12, एटीटीएफ के ढांचे से संबंधित है और अध्यक्ष से मेजर तक के सभी व्यक्ति केन्द्रीय समिति के सदस्य होंगे। एटीटीएफ की दो रेजीमेंट होंगी जिनमें एक का नाम वीर बिक्रम रेजीमेंट है और दूसरी बोरोक रेजीमेंट नाम से जानी जाती है संगठन के ढांचे का उल्लेख किया गया है । एटीटीएफ का कमांडर-इन-चीफ, बल के सभी बसों और रेजीमेंटों को नियंत्रित करेगा । एटीटीएफ का अपना झंडा और चिह्न है ।

47. उपर्युक्त दस्तावेज यह स्पष्ट रूप से इंगित करते हैं कि एनएलएफटी और एटीटीएफ दोनों की मंशा एक पृथक देश स्थापित करने की है और दोनों में से कोई भी भारत के संविधान के अंतर्गत स्वयं का होना स्वीकार नहीं करते हैं। हालांकि एटीटीएफ भारत के संविधान के कतिपय सिद्धांतों से सहमत है जिसे वह स्वयं के संविधान के माध्यम से लागू करना चाहता है। यह स्पष्ट रूप से दिखलाता है कि एनएलएफटी और एटीटीएफ एक अलगाववादी विचारधारा का प्रचार कर रहे हैं और भारत के पूर्वोत्तर के भारत का अंग नहीं स्वीकार करते हैं अथवा कम से कम पूर्वोत्तर राज्यों को एक पृथक राष्ट्र में गठित करने की आशा रखते हैं। इस प्रकार ये दो संगठन विधिविरुद्ध क्रिया में संलिप्त हैं जैसा कि अधिनियम की धारा 2(ण)(i) में परिभाषित है।

48. अपने उद्देश्यों के अनुसरण में इन दोनों संगठनों ने त्रिपुरा राजशाही सरकार की स्थापना कर ली है। ये न्यायाधिकरण दस्तावेजों के रिकार्ड पर है जिसे चिह्न घ, च और छ के रूप में इंगित किया गया है। ये वे नोटिस है जिसे त्रिपुरा राजशाही सरकार ने कुछ करों के भुगतान की मांग करने के संबंध में जारी किए हैं। इन नोटिसों पर जिस व्यक्ति ने हस्ताक्षर किए हैं । वह त्रिपुरा किंगडम सरकार के राजस्व व कर विभाग का सचिव होने का दावा करता है। इन दस्तावेजों से प्रतीत होता है कि एनएलएफटी तथा एटीटीएफ द्वारा भारत के कानून से परे वित्त एकत्रित करने के प्रयास किए जा रहे हैं और एक प्रकार की समानांतर सरकार चलाने के लिए वित्तपोषण का संकेत भी स्पष्ट है। मार्क ग और ड़ दस्तावेज केन्द्रीय सरकार या त्रिपुरा राज्य के मामले की पेशगी नहीं करते।

49. इस मामले के समर्थन में, कि एनएलएफटी तथा एटीटीएफ अपने उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए लोगों के बीच हिंसा

व आतंक फैला रहे हैं तथा हिंसक व गैर-कानूनी गतिविधियों का संचालन कर रहे हैं, त्रिपुरा राज्य ने 'मार्क ङ' चार्ट दाखिल किया है। यह चार्ट 3 अक्तूबर, 2005 अगस्त, 2007 तक अगुवा/अपहृत, घायल व मारे गए व्यक्तियों की संख्या तथा घायल व मारे गए सुरक्षा कर्मियों की संख्या को दर्शाता है। मार्क ड़ इस प्रकार है :–

शीर्ष	2005 3-10-05 से	2006	2007 अगस्त, 07 तक	कुल
अपहृत व्यक्ति	10	43	41	94
घायल व्यक्ति	9	12	3	24
मारे गए व्यक्ति	8	13	11	32
मारे गए सुरक्षाकर्मी	5	14	7	26
घायल सुरक्षाकर्मी	2	27	3	32

50. त्रिपुरा राज्य ने एनएलएफटी तथा एटीटीएफ द्वारा नागरिकों तथा पुलिस व सुरक्षा बल कार्मिकों की हत्या, अगवा, अपहरण व फिरौती की मांग के मामलों के संबंध में प्राथमिकी (एफआईआर) की प्रतियां प्रस्तुत की हैं। राज्य द्वारा मूल प्रतियों की सत्यापित व कार्बन प्रतियां प्रस्तुत की गई हैं तथा ये प्रतियां प्रदर्शित की गई हैं।

(i) प्रदर्श-1, बीरगंज पुलिस स्टेशन में 15 नवम्बर, 2005 को दर्ज एफआईआर है जिसमें दर्ज है कि शिकायतकर्ता के घर में असम रायफल्स की वर्दी पहने हुए 10 या 12 अज्ञात हथियारबंद उग्रवादी, जिसके पास ए के 47 राइफलें थीं, घुस गए तथा 100 या 150 राउंड अंधाधुंध गोलियां चलाई। शिकायतकर्ता के अनुसार इस हमले में उसकी पत्नी व सास मारी गई तथा उसकी बेटी गोलियों से घायल हो गई। बाद में, शिकायतकर्ता को पता चला कि उसके पड़ोस के घर में रहने वाली एक महिला उग्रवादियों द्वारा मारी गई।

(ii) प्रदर्श न. 2 जिरानिया पुलिस स्टेशन में 16 अक्तूबर, 2005 को दर्ज एफ आई आर है। शिकायतकर्ता के अनुसार लगभग एटीटीएफ के 3-4 अज्ञात हथियारबंद उग्रवादियों ने गोलियां चलाई उसके ब्रदर-इन-लॉ को मार दिया।

(iii) प्रदर्श न-3 अम्बासा पुलिस स्टेशन में 30 अक्तूबर, 2005 को दर्ज एफआईआर है। इसमें कहा गया है कि लगभग 20-25 अज्ञात हथियारबंद उग्रवादी, संभवत: एनएलएफटी के, शिकायतकर्ता के घर में घुसे तथा अंधाधुंध गोलियां चालाई, शिकायतकर्ता की बहन व पिता को चोटें आईं जिससे ईलाज के दौरान उनकी मृत्यु हो गई। अन्य लोगों को भी चोटें आई तथा उग्रवादियों ने एक व्यक्ति को अगुवा कर लिया। उग्रवादी अत्याधुनिक हथियारों से लैस थे।

(iv) प्रदर्श न-4 किल्ला पुलिस स्टेशन में 8 नवम्बर, 2005 को दर्ज एफआईआर है जहां कुछ अज्ञात हथियारबंद उग्रवादियों ने पुलिस दल पर गोलियां चलाई तथा बाद में जंगलों में भाग लिया।

(v) प्रदर्श न-5 चम्पाहवर पुलिस स्टेशन में 14 नवम्बर, 2005 को दर्ज एफआईआर है। कुछ 10-12 एनएलएफटी उग्रवादियों ने जिनके पास भारी हथियार थे, एक एसरकारी एमबुश पार्टी पर हमला कर दिया। मुठभेड़ में एक एनएलएफटी उग्रवादी मारा गया तथा एक ए के. 66 राइफल व कुछ जिन्दा मैग्जीन व राउंड बरामद हुए।

(vi) प्रदर्श न-6 सलेमा पुलिस स्टेशन में 16 नवम्बर, 2005 को दर्ज एफ आई आर है जो 20 अथवा 25 हथियारबंद उग्रवादियों के हमले से संबंधित है। इन उग्रवादियों ने शिकायतकर्ता को संगठन के लिए चन्दा उगाही के लिए चंदा नोटिस दिया था। शिकायतकर्ता के पिता को उग्रवादियों द्वारा अगुवा कर लिया गया।

(vii) प्रदर्श न-7 गंडाचेरा पुलिस स्टेशन ने दिनांक (अपाठ्य) को दर्ज एफआईआर है जो एनएलएफटी उग्रवादियों द्वारा शिकायतकर्ता को दी गई पैसा वसूली की धमकियों से संबंधित है तथा यह तथ्य कि एनएलएफटी उग्रवादियों द्वारा बंदूक की नोक पर शिकायतकर्ता की मां का अपहरण कर लिया गया।

(viii) प्रदर्श न-8 तायडू पुलिस स्टेशन में 9 नवम्बर, 2006 को दर्ज एफआईआर है जो सेवा की वर्दी पहने हुए हथियारबंद उग्रवादियों के समूह द्वारा ग्रामवासियों पर हमले के बारे में बताती है। उग्रवादियों ने गांव में दस घरों को आग लगा दी जिससे उनमें रखा सभी घरेलू सामान जैसे धान, कपड़े इत्यादि नष्ट हो गए थे।

(ix) प्रदर्शन-9 तेलीमुरा पुलिस स्टेशन में 14 फरवरी, 2006 को दर्ज एफआईआर है। शिकायतकर्ता के अनुसार, हथियारबंद उग्रवादियों के समूह ने गेल के कुछ कर्मचारियों पर हमला किया जिससे उनमें से दो की अस्पताल में मौत हो गई।

(x) प्रदर्श नं.-10 अम्बाला पुलिस स्टेशन में 9 सितम्बर, 2006 को दर्ज एफआईआर है जो हथियारबंद उग्रवादियों द्वारा शिकायतकर्ता के बेटे के अगवा करने से संबंधित है। उग्रवादियों ने शिकायतकर्ता को सूचित किया कि वे फिरौती की वसूली के बिना उके बेटे को नहीं छोड़ेंगे।

(xi) प्रदर्श नं.-11 कंचनपुर पुलिस स्टेशन में दर्ज एफआईआर है जिसके अनुसार भी एनएलएफटी के उग्रवादियों ने एक अपहृत व्यक्ति की रिहाई के लिए 2 लाख रुपए फिरौती की मांग की।

(xii) प्रदर्श नं.-12 गण्डचेरा पुलिस स्टेशन में 17 नवम्बर, 2006 को उग्रवादियों द्वारा दो व्यक्तियों के अपहरण से संबंधित दर्ज एफआईआर से संबंधित है।

(xiii) प्रदर्श नं.-13 गंगानगर पुलिस स्टेशन में 24 अक्तूबर, 2006 को दर्ज एफआईआर से संबंधित हैं, जहां हथियारबंद एनएलएफटी उग्रवादियों ने दो ए.के. 47 राइफलों से गोलीबारी की जिससे दो पुलिसकर्मियों की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई।

(xiv) प्रदर्श नं.-14 सिघई पुलिस स्टेशन में 12 फरवरी, 2006 को दर्ज एफआईआर है। इसमें यह आरोप लगाया गया है कि एटीटीएफ उग्रवादियों ने असम राइफल्स के एक हवलदार को गोली से घायल कर दिया। उग्रवादियों ने पुलिस बल पर ग्रेनेड भी फेंके जिससे एक पुलिसकर्मी घायल हो गया।

(xv) प्रदर्श नं.-15 कमालपुर पुलिस स्टेशन में 22 नवम्बर, 2006 को दर्ज एफआईआर है जो एनएलएफटी उग्रवादियों द्वारा गोलीबारी तथा एक ए.के. 47 राइफल, एक एस एल आर तथा उग्रवादियों से संबंधित विविध सामग्री ही बरामदगी से संबंधित है।

(xvi) प्रदर्श नं.-16 अम्बाला पुलिस स्टेशन में 7 अगस्त, 2006 को दर्ज एफआईआर है। शिकायकर्ता के अनुसार एनएलएफटी उग्रवादियों ने लगभग 150 राउंड गोलियां चलाई जिससे पुलिसकर्मी घायल हो गए।

(xvii) प्रदर्श नं.-17 चम्पाहवर पुलिस स्टेशन में 13 अक्तूबर, 2006 को दर्ज एफआईआर है। इस एफ आई आर में एनएलएफटी उग्रवादियों के नाम लिए गए हैं तथा बताया गया है कि उन्होंने अत्याधुनिक हथियारों से पुलिस दल पर हमला किया और पुलिस दल एवं एनएलएफटी उग्रवादियों के बीच आपस में गोलीबारी हुई।

(xviii) प्रदर्श नं.-18 किल्ला पुलिस स्टेशन में 5 दिसम्बर, 2006 को दर्ज एफआईआर है। यह भी अत्याधुनिक हथियारों से युक्त एनएलएफटी के कार्यकर्ताओं और पुलिस बल के बीच आपस में गोलाबारी से संबंधित है। इस गोलाबारी में एक कार्यकर्ता मारा गया तथा एक हथगोला, कुछ चन्दा उगाही के नोटिस, पेंड एवं एन एल एफ टी का घोषणा पत्र बरामद हुए।

(xix) प्रदर्श नं.-19 कंचनपुर पुलिस स्टेशन में 26 जुलाई, 2006 को दर्द एफआईआर है। यह एनएलएफटी उग्रवादियों द्वारा गोलाबारी तथा एक अवैध स्वदेश निर्मित बन्दूक, एक ए. के. 47 राइफल, जिन्दा कारतूस तथा अन्य अभिशंसी वस्तुओं के साथ दो उग्रवादियों की गिरफ्तारी से संबंधित है। घटनास्थल की पड़ताल से पता लगा कि एनएनएफटी समूह ने सुरक्षा बल पर हमला करने तथा उस पुलिस स्टेशन के अंतर्गत आने वाले स्थानीय लोगों से जबरन चंदा वसूली के आपराधिक षडयंत्र रचे थे।

(xx) प्रदर्श नं.-20 और नं. 21 गंगानगर पुलिस स्टेशन में दर्ज दो एफ आई आर है। पहली एफआईआर 21 सितम्बर, 2006 की है और एनएलएफटी उग्रवादियों के हमले तथा एनएलएफटी के झण्डे, राइफलों, कारतूसों के साथ-साथ कुछ बंगलादेशी मुद्रा की बरामदगी से संबंधित है। दूसरी एफआईआर 10 जुलाई, 2006 की है तथा पुलिस दल व उग्रवादियों की बीच गोलीबारी, जिसके परिणामस्वरूप की मौत के बारे में है।

(xxi) प्रदर्श नं.-22 सिघई पुलिस स्टेशन में दिनांक 25 फरवरी, 2006 को दर्ज एफआईआर है और इसमें यह उल्लेख है कि कुछ अज्ञात आतंगवादियों ने घात लगाकर हमला करने वाले दलों पर गोली चलाई जिसके परिणामस्वरूप एक जवान घायल हो गया तथा बाद में घावों के कारण उसकी मृत्यु हो गई।

(xxii) प्रदर्श नं.-23 कंचनपुर पुलिस स्टेशन में 6 अगस्त, 2006 को दर्ज एफआईआर है और सुरक्षा बलों के सदस्यों को मारने के इरादे से एनएलएफटी उग्रवादियों द्वारा अत्याधुनिक हथियारों से किए गए हमले से संबंधित है।

(xxiii) प्रदर्श नं.-24 गंगानगर पुलिस स्टेशन में 29 अप्रैल, 2006 को दर्ज एफआईआर है और केन्द्रीय रिज़र्व पुलिस बल कार्मिकों के कानवाई पर हमले के बारे में है। हथियारबंद उग्रवादियों के हमले से तीन पुलिस कार्मिकों की मृत्यु हो गई तथा उनमें से कई घायल हो गए।

(xxiv) प्रदर्श नं.-25 चम्पाहवर पुलिस स्टेशन में 3 जुलाई, 2007 को दर्ज एफ आई आर है। यह आरोप लगाया गया है कि अत्याधुनिक हथियारयुक्त आठ एटीटीएफ उग्रवादियों ने दो व्यक्तियों पर हमला किया जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं।

(xxv) प्रदर्श नं.-26 चम्पाहवर पुलिस स्टेशन में 31 अगस्त, 2007 को दर्ज एफ आई आर है जो एनएलएफटी कार्यकताओं द्वारा बंदूक की नोक पर शिकायतकर्ता के पति का फिरौती के लिए

अपहरण से संबंधित है।

(xxvi) प्रदर्श नं. 27 कल्याणपुर पुलिस स्टेशन में 6 मई, 2007 को एनएलएफटी के हथियारबंद उग्रवादियों द्वारा एक नागरिक के अपहरण तथा गांववासियों से चन्दे की मांग से संबंधित एफ आई आर है।

(xxvii) प्रदर्श नं.-28 अम्बासा पुलिस स्टेशन में 27 जून, 2007 को दर्ज एफ आई आर है जहां असम राइफल्स की वर्दी पहने एन एल एफ टी उग्रवादियों ने शिकायतकर्ता के पति को बन्दूक की नोक पर अपने साथ चलने को कहा तथा उसका अपहरण कर लिया।

(xxviii) प्रदर्श नं.-29 खोवाई पुलिस स्टेशन में 6 अगस्त, 2007 को दर्ज एफ आई आर है, जो 10 अथवा 12 हथियारबन्द एटीटीएफ उग्रवादियों द्वारा शिकायतकर्ता से संबंधित तीन नागरिकों की हत्या से संबंधित है।

(xxix) प्रदर्श नं.-30 कंचनपुर पुलिस स्टेशन में 3 मई, 2007 को दर्ज एफआईआर है। इसका संबंध एनएलएफटी के उग्रवादियों द्वारा जिनके पास अत्याधुनिक हथियार थे, तीन लड़कों के अपहरण से है।

(xxx) प्रदर्श नं.-31 चम्पाहवर पुलिस स्टेशन में 11 अगस्त, 2007 को दर्ज एफ आई आर है जहां उग्रवादियों द्वारा बंदूक की नोक पर शिकायतकर्ता के बड़े भाई का अपहरण कर लिया गया। उग्रवादियों ने नकदी व स्वर्ण आभूषण भी छीन लिए तथा शिकायतकर्ता के बड़े भाई को छोड़ने के लिए फिरौती की मांग की।

(xxxi) प्रदर्श नं.-32 रैयशबड़ी पुलिस स्टेशन में 6 जून, 2007 को दर्ज एफ आई आर है। इसमें कहा गया है कि कुछ हथियारबंद उग्रवादियों ने पुलिस दल पर हमला किया जिससे एक सीमा सुरक्षा बल सिपाही की मौत हो गई। उग्रवादियों के जाने के बाद, घटनास्थल से एक हथगोले सहित कुछ हथियार बरामद हुए।

(xxxii) प्रदर्श नं.-33 चम्पाहवर पुलिस स्टेशन में 16 जनवरी, 2007 को दर्ज एफ आई आर है जो एन एल एफ टी के सशस्त्र उग्रवादियों द्वारा पुलिस कार्मिकों पर हमले से आई चोटों से संबंधित है। वहां से एन एल एफ टी के चन्दा नोटिस भी बरामद किए गए।

51. पूरे त्रिपुरा राज्य के पुलिस स्टेशनों में दर्ज की गई प्रथम सूचना रिपोर्टें यह दर्शाती है कि पिछले कुछ समय से एनएलएफटी के और एटीटीएफ के उग्रवादियों द्वारा सुव्यवस्थित रूप से पुलिस बलों के कार्मिकों और सामान्य जनों की अंधाधुंध हत्या किए जाने की योजनाएं बनाई जा रही थीं। अपहरण करने तथा व्यपहरण करने की कई घटनाएं और फिरौती मांगने और चंदा देने की मांग हुई है। यह कहना निरर्थक होगा कि वे सभी गतिविधियां सामूहिक रूप से दर्शाती हैं कि एनएलएफटी और एटीटीएफ उग्रवादी न सिर्फ विध्वंसक गतिविधियां कर रहे थे बल्कि स्थानीय निवासियों में हिंसा द्वारा भय पैदा करना चाह रहे थे। एनएलएफटी और एटी एफ उग्रवादियों की ओर से योजनाबद्ध प्रयासों द्वारा कानून को ध्वस्त कर देना था और उनकी गतिविधियां स्पष्टत: विधिविरुद्ध गतिविधियों की परिभाषा के अंतर्गत आएंगी। जैसा कि विधिविरुद्ध (निवारण) अधिनियम, 1967 की धारा 2(ण) में वर्णित है।

52. त्रिपुरा राज्य द्वारा रिकार्ड पर लाई गई सभी प्रथम सूचना रिपोर्टों, इनमें से किसी का भी खंडन नहीं किया जा सकता है, इस बात की साक्षी है कि एनएलएफटी और एटीटीएफ के द्वारा अंधाधुंध रूप से जबरन धन वसूली की जा रही है।

53. त्रिपुरा में आदिवासी और गैर-आदिवासी समुदायों के बीच झगड़े को पैदा करने और बढ़ावा देने के मुद्दे के बारे में प्रदर्श नं.-32 के संबंध में त्रिपुरा राज्य के काबिल वकील पर भरोसा किया गया था, जो दिनांक 6 जून, 2007 को थाना रायश्याबाड़ी में दर्ज प्राथमिकी है जिससे यह पता चलता है कि बड़ी संख्या में हथियार बरामद हुए थे। तथापि, इस एफ आई आर में सांप्रदायिक दंगों को करवाने अथवा उकसाने का कोई आरोप नहीं है। किन्तु रिकॉर्ड में त्रिपुरा राज्य द्वारा दायर किए गए ऐसे कतिपय दस्तावेज हैं जो मार्क ज, झ एवं ञ के रूप में चिह्नित हैं जिसमें यह देखा जा सकता है कि एनएलएफटी एवं एटीटीएफ के उग्रवादियों ने त्रिपुरा में आदिवासी एवं गैर-आदिवासी समुदायों के बीच में शत्रुतापूर्ण अंतर खड़ा कर दिया है।

54. मार्क ज, एनएलएफटी द्वारा त्रिपुरा में स्वतंत्रता दिवस समारोह के बहिष्कार के लिए जारी किया गया आह्वान है। इस दस्तावेज में विस्तार से यह बताया गया है कि भारत सरकार ने त्रिपुरा को उपनिवेश बनाना शुरू कर दिया और सीमा पार से सैंकड़ों-हजारों हिन्दू बंगलियों को त्रिपुरा में आने और वहां बसने के लिए उत्साहित किया गया। इसके फलस्वरूप जनसांख्यिकीय स्वरूप बुरी तरह बिगड़ गया और इस कारण त्रिपुरा में कुल जनसंख्या में से केवल 30 प्रतिशत ही स्थानीय जनसंख्या है। दस्तावेज में यह उल्लेख किया गया है कि भारत सरकार को अनेक अभ्यावेदन दिए गए थे किन्तु इसका कोई निष्कर्ष नहीं निकला और इसके फलस्वरूप 1950 के दशक में भारतीय शासन के विरुद्ध सशस्त्र संघर्ष शुरू हो गया। इस दस्तावेज में यह आरोप लगाया गया है कि प्रादेशिक सरकार "बाहरी व्यक्तियों "एलियंस" एवं "भारतीयों" के अधीन है और यह सभी हिन्दू बंगाली अप्रवासियों को भारतीय नागरिकता प्रदान कर देती है और अवैध निवासियों के हाथों में शक्तियों का संस्थानीकरण है जो त्रिपुरा के स्थानीय लोगों बोरोक को अस्वीकार्य है। इस दस्तावेज में स्पष्ट रूप से त्रिपुरा की स्थानीय जनता एवं बाहर से आई लोगों के बीच में भेदभाव पैदा करने का स्पष्ट आशय दिखाई देता है। इस दस्तावेज में कहा गया है कि भारतीयों, विशेष रूप से हिन्दू बंगाली

अवैध निवासियों के लिए, जो अन्यथा त्रिपुरा में अवैध निवासी हैं, 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस के रूप में मनाने का हर कारण है किन्तु एनएलएफटी, जो त्रिपुरा की स्वतंत्रता एवं प्रभुसत्ता की बहाली के लिए लड़ रहा है, के लिए इसे स्वतंत्रता दिवस के रूप में मनाने का कोई कारण नहीं है। इसके बदले, बोरोक ने स्वतंत्रता दिवस, 2007 के समारोह से दूर रहने एवं उसका बहिष्कार करने का आह्वान किया है।

55. मार्क झ बोरीक नेताओं के मेल-मिलाप एवं एकता बनाए रखने के लिए दिनांक 25 अगस्त, 2007 को जारी की गई एक अपील है। इस दस्तावेज में उल्लेख है कि बोरोक लोगों की गरिमा को पुनः प्राप्त करने के लिए प्रयास किए गए हैं जिन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि उनके बीच मेल-मिलाप एवं एकता है। यह दस्तावेज किसी भी तरीके से आदिवासियों एवं गैर-आदिवासियों के बीच साम्प्रदायिक झगड़ों को जन्म देने और उकसाने से संबंधित नहीं है।

56. तथापि, त्रिपुरा राज्य द्वारा रिकार्ड में दिया गया एक अन्य दस्तावेज, नामतः, एनएलएफटी द्वारा 15 अक्तूबर, 2007 को काला दिवस मनाने के बारे में दिनांक 27 सितम्बर, 2007 को जारी किया गया आह्वान रिकार्ड में दिया गया है। इस दस्तावेज में, जो मार्क ठ है, उन घटनाओं को दोहराया गया है जिनकी वजह से एनएलएफटी के अनुसार जनसंख्या का स्वरूप बुरी तरह बिगड़ गया है और जो त्रिपुरा के स्थानीय लोगों एवं देश के अन्य भागों के निवासियों में भेदभाव पैदा करने से संबंधित है।

57. इस संबंध में केन्द्र सरकार एवं त्रिपुरा राज्य द्वारा दिए गए साक्ष्य, एनएलएफटी अथवा एटीटीएफ द्वारा इन तथ्यों को न नकारने अथवा उनके द्वारा कोई विरोध न करने के कारण, त्रिपुरा रराज्य के विद्वान वकील का यह निवेदन स्वीकार कर लिया जाना चाहिए और यह फैसला दिया जाना चाहिए कि ये दस्तावेज आदिवासियों एवं गैर-आदिवासियों के बीच भेदभाव पैदा करने के एनएलएफटी एवं एटीटीएफ के आशय को अभिव्यक्त करते हैं, जो इस अधिनियम की धारा 2(ण) के अंतर्गत एक विधिविरुद्ध क्रियाकलाप है क्योंकि इसमें व्यक्तियों के एक समूह को भारतीय संघ से पृथक होने के लिए उकसाया गया है।

58. प्रदर्शन-ञ क्षेत्रीय भाषा में दस्तावेज है जिस पर त्रिपुरा राज्य के विद्वान वकील ने भरोसा नहीं किया।

59. रिकार्ड पर उपलब्ध समस्त साक्ष्यों के समग्र विश्लेषण से निःसंदेह यह उजागर होता है कि एनएलएफटी एवं एटीटीएफ के क्रियाकलाप विधिविरुद्ध हैं और यह कि केन्द्र सरकार का यह निर्णय कि दोनों संगठन विध्वंसक एवं हिंसक गतिविधियों के संलग्न हैं, केन्द्र सरकार के प्राधिकार को कम कर रहे हैं और अपने उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु लोगों में भय और हिंसा का संचार कर रहे हैं, पूर्णतया न्यायोचित है। केन्द्र सरकार की यह राय भी न्यायोचित है कि सहायता जुटाने के लिए दोनों गुटों के अन्य विधिविरुद्ध गुटों के साथ संपर्क हैं और यह कि वे भारत की प्रभुसत्ता एवं अखंडता के प्रतिकूल अपने लक्ष्यों एवं उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए हिंसक एवं विधिविरुद्ध क्रियाकलापों में लिप्त हैं।

60. केन्द्र सरकार एवं त्रिपुरा राज्य दोनों ने इस निर्णय के समर्थन में पर्याप्त साक्ष्य जुटाए हैं कि दोनों गुट सिविलियनों तथा पुलिस एवं सुरक्षा बलों के कार्मिकों की हत्याएं करने, त्रिपुरा में आम जनता से धन लूटने, सुरक्षित आश्रय, प्रशिक्षण, शस्त्रों एवं गोलाबारूद का प्रापण करने में लिप्त हैं तथा त्रिपुरा में आदिवासी एवं गैर-आदिवासी समुदायों के बीच साम्प्रदायिक दंगों को उकसा रहे हैं।

61. केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा इस बात के भी पर्याप्त साक्ष्य जुटाए गए हैं कि दोनों गुटों ने अपने अलगाववादी, विध्वंसक एवं हिंसक क्रियाकलापों को बढ़ावा देने के लिए अपने काडर इकट्ठे किए हैं। उन्होंने भारत की प्रभुसत्ता एवं अखण्डता के दुश्मन बलों के साथ मिलकर राष्ट्र-विरोधी क्रियाकलापों को बढ़ावा दिया है। दोनों गुटों ने बार-बार अवैध शस्त्रों एवं गोलाबारूद के जरिए सिविलियनों, पुलिस एवं सुरक्षा बल कार्मिकों को हत्याएं की हैं। इन परिस्थितियों के तहत, केन्द्र सरकार ने अधिनियम की धारा 3(1) तथा अधिनियम की धारा 3(3) के तहत की गई घोषणा की अभिपुष्टि करने के लिए पर्याप्त कारण दर्शाए हैं।

62. परिणामस्वरूप, वह निष्कर्ष निकाला गया है कि 3 अक्तूबर, 2007 की अधिसूचना जारी किया जाना पूर्णतया न्यायोचित है। नेशनल लिबरेशन फ्रंट ऑफ त्रिपुरा (एनएलएफटी) एवं ऑल त्रिपुरा टाइगर फोर्स (एटीटीएफ) को दिनांक 3 अक्तूबर, 2.007 से दो वर्षों की अवधि के लिए विधिविरुद्ध संगम घोषित करने के पर्याप्त कारण हैं।

31 मार्च, 2008

मदन बी. लोकुर, जे.

MINISTRY OF HOME AFFAIRS

NOTIFICATION

New Delhi, the 10th April, 2008

S.O. 856(E).—In terms of Section 4(4) of the Unlawful Activities (Prevention) Act, 1967, the order, dated 31-3-2008, of the Tribunal presided over by Hon'ble Justice Madan B. Lokur, Judge, Delhi High Court, to whom a reference was made under Section 4(1) of the Unlawful Activities (Prevention) Act, 1967 for adjudicating whether or not there is sufficient cause for declaring the associations, namely the National Liberation Front of Tripura (NLFT) and All Tripura Tiger Force (ATTF) organizations of Tripura as unlawful is published for general information.

[F. No. 11011/41/2007-NE-III]

NAVEEN VERMA, Jt. Secy.

BEFORE THE TRIBUNAL UNDER THE UNLAWFUL ACTIVITIES (PREVENTION) ACT, 1967

In the Matter of :
National Liberation Front of Tripura
And in the Matter of :

All Tripura Tiger Force
And in the Matter of :
Reference under Section 4(1) of the Unlawful Activities (Prevention) Act, 1967

REPORT

1. On 3rd October, 2007, a notification being S.O. 1692(E), was issued by Mr. V.N. Gaur, Joint Secretary, Ministry of Home Affairs, Government of India to the effect that the Central Government is of the opinion that the activities of the National Liberation Front of Tripura and its various wings (hereinafter referred to as the NLFT) and the All Tripura Tiger Force (hereinafter referred to as the ATTF) are deterimental to the sovereignty and integrity of India and that they are unlawful associations. Consequently, in exercise of powers conferred by Section 3(1) of the Unlawful Activities (Prevention) Act, 1967 (hereinafter referred to as the Act), the Central Government declared the NLFT and the ATTF to be unlawful associations.

2. The Central Governemnt was also of the opinion that there is a need to immediately curb and control the activities of these two associations and, therefore, it was of the opinion that it is necessary to declare them as unlawful accociations with immediate effect, in exercise of powers conferred by Section 3(3) of the Act.

3. For the purposes of Section 3(1) of the Act, the Central Government was of the opition that the NLFT and the ATTF have :

(i) been engaging in subversive and violent activities, thereby undermining the authority of the Government and spreading terror and violence among the people for achieving their objectives;

(ii) established linkages with other unlawful associations, viz., the United Liberation Front of Asom (ULFA) and Meitei Extremist Outfits of Manipur with the aim of mobilizing their support;

(iii) in pursuance of their aims and objectives in recent past engaged in violent and unlawful activities which are prejudicial to the sovereignty and integrity of India.

4. In respect of the violent and unlawful activities, the Central Government included the following:

(a) Killing of civilians and personnel belonging to the Police and Security Forces;

(b) Extortion of funds from the public including businessmen and traders in Tripura;

